दैनिक भास्कर
मधेपुरा / सुपौल भास्क 28-12-2023

आदर्श कॉलेज में शुरू होगी बीसीए की पढ़ाई

मधेपुरा | बीएनएमयू के कई कॉलेजों में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई शुरू करने की स्वीकृति मिली है। अब सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी अपने नजदीकी कॉलेज से व्यवसायिक कोर्स की पढ़ाई कर सकते हैं। घैलाढ़-जीवछपुर स्थित आदर्श कॉलेज में अब बीसीए की पढ़ाई होगी। बिहार सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2023-26 से 60 सीटों के साथ स्थायी संबंधन की स्वीकृति प्रदान की है। महाविद्यालय के सचिव ई. प्रणव प्रकाश ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावे मधेपुरा और सुपौल जिले के कई सम्बद्ध कॉलेज में व्यवसायिक पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू करने की स्वीकृति मिली है।